**Terms of Reference**
**Lead Consultant – National**
**Programme Officer (NCD)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi on behalf of Ministry of Health & Family Welfare is seeking applications from qualified candidates for the above mentioned post purely on contractual basis.

**Roles and Responsibilities:**

1. Work closely with the NP-NCD programme team to conduct a situation analysis including mapping of key stakeholders and understand the programme needs.
2. In coordination with the Consultant for monitoring and evaluation, review implementation of the programme with reference to services, human resource management, infrastructure, equipment, drugs and capacity building.
3. Support states to review implementation of NP-NCD with special focus on efficient procurement of equipment and drugs, human resource management and optimal utilization of funds.
4. Support review of implementation at district level with reference to access, availability of services, training and quality of care.
5. Support states in preparation of PIPs for NCDs to facilitate expansion of the programme in the state.
6. Support the operationalization of National and state level multi sectoral action plan for prevention and control of NCDs.
7. Provide technical support in initiating cost-effective interventions and mainstreaming NCD related interventions in different sectors at the state level for the prevention and control of NCD and their risk factors.
8. Interact closely with the state teams to determine challenges and providing solutions in programme implementation.
9. Additional technical roles (publications, studies etc) within assigned areas.
10. Undertake any other assignments, which may be assigned from time to time.

**Competencies:**

- Job knowledge and technical expertise.
- Has excellent knowledge of major public health system challenges and gaps in the country.
- Has a sound knowledge of relevant public health areas including – Non-Communicable Diseases.
- Should be able to provide innovative solutions and analyses that helps improve the project efficiency and effectiveness.
- Should have analytical, negotiating, communication and advocacy skills.
- Aptitude for technical innovations and data analytics.
- Should have excellent liaising skills with Multi-Stakeholder groups and partner agencies.
- Results based Management.
- Plans and produces quality results to meet established goals.
- Ability to work independently and problem-solve.

**Essential qualification & experience:**

A) MBBS with PG degree / Diploma in Community Medicine/ Community Health Administration/ Public Health/ Epidemiology/ Health Management or equivalent with at least 5 years of experience after obtaining post graduate degree/ diploma.

OR

B) MBBS/ BDS with 7 years of experience in Public Health at National / State level.

OR

C) Masters in Public Health / Community Medicine/ Community Health Administration with 10 years of

experience at National / State level.

**Desirable qualification & experience:**

At least 3 years of experience in managing NCD programme at national or state level

**Age limit:** Upto 50 years.

**Remuneration Range :** Rs. 1,30,000 - Rs. 1,70,000/- per month.

**Reporting Officer:** Addl. DDG (NCD)/ Director/ Deputy Secretary (NCD), Ministry of Health and Family Welfare.

**Place of posting:** National NCD Division, MoHFW, New Delhi.

**Note:**

(i) The applicant should be conversant with the use of computers in words processing worksheets for data compilation, basic analysis, internet use and presentation.

(ii) The applicant should be able to tour extensively for monitoring and supervision.

(iii) Age Limit : As on Last date of receiving of applications

(iv) Tenure: 1 Year

(v) The remuneration shall be fixed in the range given, depending upon qualification and experience.

(vi) The tenure is extendable as per rules and scheme guidelines as per preference and mutually agreed terms and conditions.

(vii) TA/DA will be applicable for official visits to monitor, evaluate the programme

It is mandatory to mention Age, Year of Passing the Degrees, Current and Past Employment dates on your resume, without which applications will not be accepted.

**How to apply**: Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **09-September-2025**.

निबंधन और शर्तें

प्रमुख परामर्शदाता – राष्ट्रीय कार्यक्रम

अधिकारी (एनसीडी)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली पूर्णतः अनुबंध के आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

**भूमिकाएं और जिम्मेदारियाँ:**

1. प्रमुख हितधारकों की मैपिंग सहित स्थिति विश्लेषण करने और कार्यक्रम की आवश्यकताओं को समझने के लिए एनपी-एनसीडी कार्यक्रम की टीम के साथ निकटता से मिलकर काम करना।
2. निगरानी और मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता के साथ समन्वय करते हुए, सेवाओं, मानव संसाधन प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, उपस्कर, दवाओं और क्षमता निर्माण के संदर्भ में कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा करना।
3. उपस्करों और दवाओं का कुशल प्रापण, मानव संसाधन प्रबंधन और निधियों के इष्टतम उपयोग पर विशेष ध्यान देते हुए एनपी-एनसीडी के कार्यान्वयन की समीक्षा करने में राज्यों को सहायता प्रदान करना।
4. सेवाओं तक पहुंच, सेवाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य परिचर्या की गुणवत्ता के संदर्भ में जिला स्तर पर कार्यान्वयन की समीक्षा में सहायता करना।
5. राज्य में कार्यक्रम के विस्तार को सुगम बनाने के लिए एनसीडी के लिए  कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) तैयार करने में राज्यों को सहायता प्रदान करना।
6. एनसीडी की रोकथाम और इनके नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय बहुक्षेत्रीय कार्य योजना के संचालन में सहायता।
7. एनसीडी और उनके जोखिम कारकों की रोकथाम और इनके नियंत्रण के लिए राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में किफायती उपाय शुरू करने और एनसीडी से संबंधित उपायों को मुख्यधारा में लाने में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
8. कार्यक्रम कार्यान्वयन में चुनौतियों का निर्धारण करने और समाधान प्रदान करने के लिए राज्य की टीमों के साथ निकटता से बातचीत करना।
9. सौंपे गए क्षेत्रों में अतिरिक्त तकनीकी भूमिकाएँ (प्रकाशन, अध्ययन आदि)।
10. समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

**योग्यताएं**:

कार्य का ज्ञान और तकनीकी विशेषज्ञता।

देश में जन स्वास्थ्य प्रणाली की प्रमुख चुनौतियों और अंतरालों का उत्कृष्ट ज्ञान हो।

गैर-संचारी रोगों सहित जन स्वास्थ्य के प्रासंगिक क्षेत्रों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

नवीन समाधान और विश्लेषण प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए जिससे कि परियोजना की दक्षता और करगरता बढ़ाने में मदद मिले।

विश्लेषणात्मक, बातचीत, संचार और पक्ष समर्थन का कौशल होना चाहिए।

तकनीकी नवाचारों और डेटा विश्लेषण की योग्यता।

बहु-हितधारक समूहों और साझेदार एजेंसियों के साथ उत्कृष्ट संपर्क कौशल होना चाहिए।

परिणाम आधारित प्रबंधन।

स्थापित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए योजना बनाने और गुणवत्तापूर्ण परिणाम देने की क्षमता।

स्वतंत्र रूप से काम करने और समस्या का समाधान करने की क्षमता।

**आवश्यक योग्यता और अनुभव:**

क) सामुदायिक चिकित्सा / सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन / जन स्वास्थ्य / महामारी विज्ञान / स्वास्थ्य प्रबंधन में पीजी डिग्री / डिप्लोमा के साथ एमबीबीएस या स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद कम से कम 5 साल के अनुभव के साथ समकक्ष।

या

ख) एमबीबीएस/बीडीएस के साथ राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर जन स्वास्थ्य में 7 वर्ष का अनुभव।

या

ग) जन स्वास्थ्य/सामुदायिक चिकित्सा/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर 10 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय योग्यता और अनुभव:**

राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनसीडी कार्यक्रम के प्रबंधन में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव

**आयु सीमा: 50** वर्ष तक।

**पारिश्रमिक सीमा : 1,30,000**/- रु. **- 1,70,000/-** रु. प्रति माह।

**रिपोर्टिंग अधिकारी:** अपर उप महानिदेशक (एनसीडी)/निदेशक/उप सचिव (एनसीडी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।

**तैनाती का स्थान:** राष्ट्रीय एनसीडी प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।

**टिप्पणी:**

(i) आवेदक को डाटा संकलन, मूल विश्लेषण, इंटरनेट उपयोग और प्रस्तुति के लिए वर्ड प्रोसेसिंग वर्कशीट में कंप्यूटर का प्रयोग करने में सक्षम होना चाहिए।

(ii) आवेदक को निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए व्यापक भ्रमण करने में सक्षम होना चाहिए।

(iii) आयु सीमा: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार

(iv) कार्यकाल: 1 वर्ष

(v) पारिश्रमिक योग्यता और अनुभव के आधार पर दी गई सीमा के भीतर तय किया जाएगा।

(vi) कार्यकाल को नियमों और योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार वरीयता और पारस्परिक रूप से सम्मत अनुबंध और शर्तों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

(vii) कार्यक्रम की निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए आधिकारिक यात्राओं के लिए टीए/डीए लागू होगा।

आपके जीवनवृत्त (बायोडाटा) में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछली नौकरी की तारीख का उल्लेख करना अनिवार्य है, इसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**आवेदन कैसे करें** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे एनएचआरसी की वेबसाइट (**http://nhsrcindia.org)** पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन को सही तरीकेसे भरें। आवेदन केवलनिर्धारित ऑनलाइन आवेदन परारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पराप्त करने की अंतिम तिथि **09-September-2025** है।